# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग फर्रूखाबाद

पत्रांक 1393 / 14–1 ,दिनांकः फर्रूखाबाद जनवरी 12/ 2023

सेवा में,

श्री आदित्य विकम सिंह
मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक
हिंन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0
85/4, इस्पात भवन, तृतीय तल, संजय प्लेस, आगरा

विषय– जनपद फर्रूखाबाद के अन्तर्गत बीसलपुर–बेवर मार्ग (एन0एच0–730सी) Old SH-29A के किमी0 नम्बर–571.00 चैनेज 570.349 बांयी पटरी पर ग्राम–मदनपुर खसरा संख्या–2629 तहसील–सदर, जिला–फर्रूखाबाद हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोशन लि0 आगरा द्वारा प्रस्तावित नये पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.1690612 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 03 वृक्षों के पातन/ट्रासप्लाट की अनुमति सम्बन्धी प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

संदर्भ– उप सचिव उ0प्र0 शासन का पत्रांक–पी–397/81–2–2022–800(392)/2022 दिनांक 09.01.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–2297/11सी–FP/UP/Approach/155172/2022 दिनांक 11.01.2023

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में इस कार्यालय द्वारा प्रस्ताव को उच्च स्तर को प्रेषित किया गया था। प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त निम्न कमियाँ पायी गयी, जिनका विवरण निम्न प्रकार है–

1. प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–17 पर रक्षित संयुक्त एल0ओ0आई0 प्रमाण–पत्र में प्रस्तावित स्थल किमी0 स्टोन नं0–569 से 572 बरेली बेबर रोड एस0एच0–29 अंकित है जबकि ऑनलाइन प्रस्ताव में प्रस्तावित स्थल कि0मी0 स्टोन 571 चैनेज 570.349 बीसलपुर बेबर रोड अंकित है। स्पष्ट किया जाये।
2. प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–32 व 33 पर रक्षित संरक्षित वन भूमि का गजट नोटिफिकेशन में प्रस्तावित स्थल चिन्हित नहीं किया गया है।
3. प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–51 व 63 पर रक्षित प्रमाण पत्र में अंकित है कि प्रस्तावित स्थल पर किसी भी वृक्ष का पातन नहीं किया जायेगा। जबकि नोडल अधिकारी के पत्र एवं प्रस्ताव में 03 वृक्षों का पातन निहित है। स्पष्ट किया जाये।

अतः उक्त कमियों का निराकरण कर आप/आप द्वारा नामित प्रतिनिधि को इस कार्यालय में भेजकर तत्काल कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
फर्रूखाबाद

पत्रांक 1393 / समदिनांकितः–

प्रतिलिपि–मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
फर्रूखाबाद